C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 145 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार ,13 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## चित्तौड़गढ़ में भाजपा नेता की हत्या पर गहलोत का निशाना कहा, राजस्थान में अराजकता और जंगलराज

### हनुमान बेनिवाल ने भी उठाए सवाल, पुलिस ने संदिग्ध का फुटेज जारी किया

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

चित्तौड़गढ़ में भाजपा नेता रमेश ईनाणी की दिनदहाड़े हुई हत्या ने राजस्थान की सियासत गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह घटना प्रदेश में बढ़ती अराजकता और कानून-व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है।

गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, राजस्थान में अब दिनदहाड़े गोली चलना आम बात हो गई है। गुंडों को किसी का डर नहीं है। आम आदमी हो या खास, भाजपा राज में सब असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि हर दिन प्रदेश में जघन्य हत्याओं की खबरें आ रही हैं, जो बेहद चिंताजनक है।

#### बेनिवाल ने भी साधा निशाना


राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनिवाल ने भी प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बताएं कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं? आखिर जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा? उन्होंने कहा कि इसी जिले में पहले भी निर्दोष युवक सूरज माली पर हमला हुआ था और अब सत्ताधारी दल के ही नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई ,यह गंभीर स्थिति है।

#### पुलिस ने जारी किया संदिग्ध का फुटेज

इस बीच, चित्तौड़गढ़ पुलिस ने रमेश ईनाणी हत्याकांड के मुख्य संदिग्ध का वीडियो फुटेज और तस्वीरें जारी की हैं। पुलिस ने जनता से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध को पहचानता हो, तो वह पुलिस कंट्रोल रूम या कोतवाली थाने पर सूचना दे। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। गौरतलब है कि भाजपा नेता और व्यवसायी रमेश ईनाणी पर मंगलवार सुबह उस समय फायरिंग की गई, जब वे घर से ऑफिस जा रहे थे। हेलमेट लगाए बाइक सवार हमलावरों ने उन पर गोली चलाई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



## रोडवेज बस स्टैंड पर दुकान से चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को दिया अंजाम




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड स्थित श्याम रेस्टोरेंट में मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। रेस्टोरेंट संचालक श्याम पाराशर पुत्र ओमप्रकाश पाराशर निवासी राणाजी का गुढ़ा ने मामले की रिपोर्ट थाने में दी है।

पाराशर ने बताया कि वह रोज की तरह 11 नवंबर की रात करीब 8 बजे होटल बंद कर ताला लगाकर घर चला गया था, लेकिन देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने होटल का ताला तोड़ दिया। चोरों ने दो गैस सिलेंडर और किराने का सामान चुरा लिया। सुबह घटना का पता चलने पर आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

मामले की सूचना बिजौलिया थाना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है

## बीजेपी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है: सचिन पायलट

### चुनाव आयोग पर उठाए सवाल, कहा- एक मकान में 250 वोट बनवाए गए, जिंदा लोगों को मरा दिखाया गया

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने बुधवार को एसआईआर स्पेशल इलेक्टोरल रिव्यू को लेकर भाजपा और निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का खुला दुरुपयोग कर रही है और चुनाव आयोग उसकी शरण में काम कर रहा है।

पायलट ने कहा कि बिहार में एसआईआर के दौरान जिंदा लोगों को मृत दिखाया गया, मृतकों के नाम से वोट जोड़े गए और एक ही मकान में 250 से ज्यादा वोट बनवाए गए। पायलट ने कहा, यह मिलीभगत का खेल है, जिसमें भाजपा और निर्वाचन आयोग दोनों शामिल हैं। हम इसका विरोध हर स्तर पर करेंगे।



#### धरातल पर नज़र रखेंगे, गड़बड़ी नहीं होने देंगे

पायलट ने कहा कि कांग्रेस ने अपने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को क्षेत्रवार सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं ताकि एसआईआर प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी न हो। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि वोटर लिस्ट की छंटनी सही तरीके से हो, गलत नाम नहीं जोड़े जाएं। लेकिन आयोग जिस जल्दबाजी और मंशा से काम कर रहा है, उससे संदेह पैदा होता है।


#### राहुल गांधी सबूत दे रहे, आयोग फिर भी चुप

पायलट ने कहा कि राहुल गांधी ने हरियाणा और महाराष्ट्र में वोट चोरी के ठोस सबूत दिए, इसके बावजूद निर्वाचन आयोग जांच नहीं कर रहा है। उल्टा राहुल गांधी से ही एफिडेविट मांगा जा रहा है। पायलट ने कहा कि निर्वाचन आयोग को किसी विचारधारा से बंधा नहीं होना चाहिए, बल्कि निष्पक्ष जांच करनी चाहिए, पर दुर्भाग्यवश वह ऐसा नहीं कर रहा।

#### दिल्ली में बड़ा आयोजन, देशभर में अभियान जारी

पायलट ने बताया कि कांग्रेस ने 'वोट चोर गद्दी छोड़ो' नाम से एक हस्ताक्षर अभियान चलाया है, जिसके तहत लाखों लोग जुड़ रहे हैं। इस अभियान का समापन इस महीने के अंत में दिल्ली में एक बड़े आयोजन के रूप में किया जाएगा।

## चलते ट्रेलर में लगी आग, चालक-खलासी ने कूदकर बचाई जान



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

करेड़ा थाना क्षेत्र के गाड़िया चौराहे के पास मंगलवार देर रात एक ट्रेलर अचानक धधक उठा। देखते ही देखते लपटों ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि चालक और खलासी समय रहते ट्रेलर से कूद गए, जिससे उनकी जान बाल-बाल बच गई। हादसे में ट्रेलर पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

जानकारी के अनुसार, मनोहरपुरा निवासी चालक डूंगर सिंह रावणा राजपूत और खलासी बाबूलाल भील जिंदल शा लिमिटेड कंपनी में माल लदान करने जा रहे थे। मंगलवार देर रात चलते ट्रेलर से अचानक धुआं उठने लगा। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया। दोनों ने समझदारी दिखाते हुए ट्रेलर को सड़क किनारे रोका और कूदकर बाहर निकल गए।

चालक ने तुरंत घटना की सूचना करेड़ा पुलिस और दमकल विभाग को दी। सूचना पर दीवान उमराव जाट्ट के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक ट्रेलर पूरी तरह जल चुका था।

पुलिस ने प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डोटासरा का भाजपा सरकार पर हमला गुजरात मॉडल नहीं, लूट मॉडल चल रहा है राजस्थान में

### कहा अंता उपचुनाव कांग्रेस बड़े अंतर से जीतेगी, बिहार में भी महागठबंधन बनाएगा सरकार

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा सरकार और ब्यूरोक्रेसी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राजस्थान में गुजरात मॉडल नहीं, लूट मॉडल चल रहा है। डोटासरा ने आरोप लगाया कि भाजपा और ब्यूरोक्रेसी मिलकर दोनों हाथों से प्रदेश को लूट रहे हैं।

डोटासरा जयपुर के तोतुका भवन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्य सचिव के तबादले, अंता उपचुनाव, बिहार के एग्जिट पोल और कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान सहित कई मुद्दों पर सरकार और प्रशासन को घेरा।

#### मुख्य सचिव को टास्क पूरा न करने पर दिल्ली भेजा गया

डोटासरा ने कहा कि मुख्य सचिव को दिल्ली बुलाने के पीछे कोई न कोई टास्क अधूरा रह गया होगा। उन्होंने तंज कसा, शायद कोई व्यापारी या प्रोजेक्ट का टास्क पूरा नहीं हुआ, इसलिए उन्हें ठंडी जगह भेज दिया गया है।

उन्होंने कहा कि अब तक प्रदेश में कबाड़ा ही हो रहा था, भाजपा भी लड़ रही है, ब्यूरोक्रेसी भी लड़ रही है। दोनों मिलकर जनता की गाढ़ी कमाई लूट रहे हैं। प्रदेश किसी की जागीर नहीं है, अगर बेईमानी होती है तो आवाज उठाना हर नागरिक का कर्तव्य है।

#### एग्जिट पोल फर्जी, बिहार में बनेगी महागठबंधन की सरकार

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर डोटासरा ने एग्जिट पोल को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा, एग्जिट पोल फर्जी होते हैं। एक एग्जिट पोल करने वाला तो रोने ही लग गया था।

उन्होंने कहा कि ÷लोकसभा चुनाव में भी सभी एग्जिट पोल ने एनडीए को बहुत सीटें दी थीं, लेकिन नतीजों में कुछ और ही निकला। इस बार बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी और राजस्थान में अंता में कांग्रेस बड़े अंतर से जीतेगी।



#### अंता में कांग्रेस नेताओं को डराने भेजी पुलिस

अंता उपचुनाव के दौरान पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए डोटासरा ने कहा कि जहां-जहां कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता ठहरे हुए थे, वहां तीन बार 50-50 पुलिसकर्मियों को भेज दिया गया। जब मैंने पूछ कि उन्हें किसने भेजा, तो कोई अधिकारी जवाब नहीं दे पाया। आखिरकार प्रशासन ने माफी मांगी।

#### वोट चोरी के खिलाफ 15 लाख लोगों ने किए हस्ताक्षर

डोटासरा ने बताया कि कांग्रेस ने वोट चोरी के खिलाफ एक महीने तक चलाए गए हस्ताक्षर अभियान में जनता का जबरदस्त समर्थन मिला। उन्होंने कहा, अब तक 11 लाख हस्ताक्षर हमारे पास आ चुके हैं, आज 4 लाख और जुड़ जाएंगे। कुल 15 लाख हस्ताक्षर राष्ट्रपति को सौंपे जाएंगे ताकि लोकतंत्र की रक्षा की जा सके।

#### कांग्रेस का दावा-अंता में बीजेपी की हार तय

डोटासरा ने कहा कि भाजपा सरकार जनता का भरोसा खो चुकी है और अंता उपचुनाव में कांग्रेस की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति कर रही है, लेकिन जनता सब समझ चुकी है।

## मवेशी को बचाने के चक्कर में पिकअप पलटी, चालक की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

तेज रफ्तार में जा रही एक डीजे पिकअप बुधवार को उस समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई जब अचानक सड़क पर मवेशी आ गया। चालक ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि पंडेर थाने के खजूरिया खेड़ा निवासी गणेशलाल (23) पुत्र भवानीराम रैगर बुधवार को डीजे पिकअप लेकर रहड़ से बिजयनगर की ओर जा रहा था। जब वह शाहपुरा थाना क्षेत्र के चंबल चौराहे के पास पहुंचा, तभी सड़क पर अचानक एक मवेशी आ गया। गणेशलाल ने वाहन को बचाने की कोशिश की, लेकिन पिकअप बेकाबू होकर पलट गई।

हादसे में गणेशलाल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

C M Y K

# रत्नाकर ग्रुप पर इनकम टैक्स का छापा, दस्तावेज़ों और डिजिटल डेटा की जांच



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के चर्चित उद्योग समूह रत्नाकर ग्रुप पर बुधवार को इनकम टैक्स विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। विभाग की अलग-अलग टीमें गांधीनगर स्थित मुख्य कार्यालय और पांसल रोड की फैक्ट्री पर एक साथ पहुंचीं। छापेमारी की यह कार्रवाई देर शाम तक जारी रही।

सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई टैक्स से जुड़ी गड़बड़ियों की शिकायतों के आधार पर की जा रही है। टीम ने ग्रुप के व्यावसायिक रिकॉर्ड, दस्तावेज़ों और डिजिटल उपकरणों की बारीकी से जांच की। साथ ही, मौके पर मौजूद कर्मचारियों से भी पूछताछ की गई।

बताया जा रहा है कि विभाग टैक्स संबंधित लेन-देन और खातों की गहराई से जांच कर रहा है। इनकम टैक्स अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिक जांच पूरी होने के बाद ही आगे की जानकारी साझा की जाएगी। दिनभर इस कार्रवाई को लेकर शहर के उद्योग जगत में चर्चाओं का दौर चलता रहा।

# छापरिया गांव में पेयजल संकट गहराया, महिलाएं दर-दर भटकने को मजबूर

## चार साल से बंद पड़ी टंकी, छह दिन में एक बार आती है पानी की सप्लाई

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**


उपखंड क्षेत्र की लाछुड़ा पंचायत के छापरिया खेड़ा गांव में पेयजल संकट गंभीर होता जा रहा है। चंबल परियोजना के बावजूद गांव के लोगों को आज भी पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

ग्रामीण महिलाओं सीता देवी लोहार और समती देवी गुर्जर ने बताया कि पंचायत मुख्यालय से आने वाली पेयजल सप्लाई छह दिन में सिर्फ एक



बार होती है, वह भी कुछ ही घंटों के लिए। इससे घरों में पानी की कमी बनी रहती है।प्रियंका वैष्णव ने बताया कि गांव में मवेशियों को पिलाने के लिए भी पानी की प्याऊ सूखी पड़ी है। वहीं, गांव में लगी पेयजल टंकी पिछले चार साल से नाकारा पड़ी हुई है।ग्रामीण महिलाओं ने पंचायत प्रशासन और विभाग से मांग की है कि चंबल परियोजना की सप्लाई सुचारू की जाए और गांव में नए हैंडपंप लगाए जाएं, ताकि पानी की समस्या से राहत मिल सके

# विधायक कोठारी ने शहर के जनहित कार्यों का किया निरीक्षण, बोले गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

विधायक अशोक कोठारी ने बुधवार को शहर के विभिन्न इलाकों में चल रहे जनहित के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कोठारी ने संजय कॉलोनी में ट्यूबवेल का विधिवत शुभारंभ भी किया।

विधायक कोठारी ने गांधीसागर तालाब में जल प्रदूषण रोकने के लिए बन रहे नाले का निरीक्षण किया और गुणवत्ता की जांच करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाब को प्रदूषण से मुक्त करने का कार्य प्राथमिकता में है। विधानसभा के दौरान इस विषय को उन्होंने मजबूती से उठाया था, जिसके बाद सरकार ने नए नाले के निर्माण को मंजूरी दी थी।

निरीक्षण के दौरान शास्त्रीनगर व आसपास क्षेत्र के रौनक कोठारी, अरुण बियानी, अनिल, कृष्ण गोपाल, राहुल बियानी, ओमप्रकाश सोमानी, सुनील, अनिता, संध्या व सुशीला सहित कई नागरिक मौजूद रहे।

इसके बाद विधायक कोठारी गंगापुर तिराहे पहुंचे और चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। यहां उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर वर्षा ऋतु में जलभराव रोकने के लिए नालों को ढकने, सड़क को चौड़ा करने और ट्रैफिक सिग्नल की निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण इस प्रकार हो कि बार-बार टूट-फूट की समस्या न आए और लोगों को लंबे समय तक राहत मिले। इस दौरान सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता रामेश्वर लाल भी मौजूद रहे।

इससे पहले कोठारी ने वार्ड 48 की संजय कॉलोनी में पार्षद सागर पांडे के प्रयासों से खुदवाए गए ट्यूबवेल का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुभारंभ किया। नन्ही बालिका द्वारा मोटर का स्विच ऑन कर शुभारंभ किया गया। ट्यूबवेल शुरू होने से क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही जल समस्या का समाधान हो गया।

इस मौके पर दिनेश शर्मा, हिमांशु शुक्ला, संपत माली, घीसालाल कोठारी, देवीलाल माली, रामगोपाल वैष्णव, देवकरण शर्मा, पुष्कर सेन, दिनेश तिवारी, घनश्याम माली, केवल सुराणा, राजकुमार पगारिया, महावीर माली सहित अनेक वार्डवासी मौजूद थे। विधायक के दौरे के दौरान एडवोकेट अर्पित कोठारी, शंभू वैष्णव, गजेंद्र सिंह, सत्यनारायण गुग्गड, कमल कोठारी, संजय राठी, चेतन मानसिंहका, दिनेश सुथार और करण सिंह सहित अन्य लोग भी साथ रहे।

# श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में स्थापना दिवस व वार्षिक कलशाभिषेक समारोह संपन्न




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

बापूनगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में बुधवार को मंदिर स्थापना दिवस एवं वार्षिक कलशाभिषेक समारोह बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। पूरे परिसर में भक्ति, संगीत और जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि सुबह श्री पदम प्रभु भगवान सहित सभी प्रतिमाओं का 108 रिद्धि मंत्रों के उच्चारण के साथ महामस्तकाभिषेक किया गया। इसके बाद चांदमल जैन व राजकुमार शाह ने पदम प्रभु भगवान, लक्ष्मीकांत जैन ने आदिनाथ, तथा शिखरचंद जैन ने मुनिसुव्रतनाथ भगवान पर शांतिधारा की।

श्रावकों ने सामूहिक रूप से पदम प्रभु भगवान की पूजा-अर्चना कर अर्घ समर्पण किया। महिलाओं ने भक्ति गीतों पर भक्ति नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे पूरा परिसर श्रद्धामय हो उठा।

दोपहर 12:30 बजे मंत्रोच्चार के बीच शांतिनाथ भगवान को पालकी में विराजमान किया गया। श्रीजी की पालकी को श्रावकों ने अपने कंधों पर उठाकर मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा निकाली।

महिलाएं केसरिया वस्त्रों में भगवान के 16 स्वप्नों की तख्तियां लिए चल रही थीं, जबकि पुरुष श्वेत वस्त्रों और जैन ध्वज के साथ आगे बढ़ रहे थे। बैंडबाजों की मधुर धुनों के बीच श्रद्धालु नृत्य करते हुए जय श्री पदम प्रभु भगवान के जयकारे लगा रहे थे। रास्ते में घर-घर पर श्रद्धालुओं ने आरती उतारी और पुष्पवर्षा की। शोभायात्रा नगर भ्रमण के बाद पुनः मंदिर परिसर पहुंची।

दोपहर 2 बजे आरंभ हुए वार्षिक कलशाभिषेक समारोह में दीप प्रज्वलन कर महिलाओं ने मंगलाचरण किया। श्वेता व आरोही ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जैन ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश पाटनी, अनिलकुमार सेठी, लक्ष्मीकांत जैन, राजेंद्र सोगानी ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ऋषभ जैन, शुभम जैन, नेहा जैन, प्रखर जैन, राहुल जैन, आदिश पाटनी, रिशिता जैन, आरवी जैन, तनुज जैन तथा पांच उपवास करने वाली व्रती कल्पना सोगानी को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। समाज के सेवाभावी सदस्यों प्रकाश पाटनी, राकेश बेघेरवाल, ताराचंद झांझरी, ताराचंद अग्रवाल, चंचक जैन और मनन शाह को भी सम्मानित किया गया।

इसके बाद में अभिषेक पाठ के साथ श्रावकों ने श्रीजी पर कलशाभिषेक किया। जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने गांधोदक लेकर स्वयं को धन्य महसूस किया। कार्यक्रम का संचालन पूनमचंद सेठी ने किया। सायंकाल 108 दीपों से महाआरती कर भगवान जिनेंद्र का भव्य पूजन संपन्न हुआ।

# विधायक गोपीचंद मीणा ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

## हरि बोल प्रभात फेरी में लिया भजन-कीर्तन का आनंद

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**

**गजानंद जोशी।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खजूरी के झिकरी गांव में बुधवार को आयोजित हरि बोल प्रभात फेरी कार्यक्रम में ग्रामीणों के आग्रह पर विधायक गोपीचंद मीणा एवं प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा पहुंचे। ग्रामीणों ने माला और साफा पहनाकर दोनों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रभात फेरी सदस्यों और ग्रामीणों द्वारा भजन-कीर्तन और हरि बोल के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। विधायक मीणा और प्रधान



प्रतिनिधि शर्मा ने भजनों में राग मिलाते हुए आनंद लिया।

इसके बाद ग्राम पंचायत बिलेठा के झोपड़िया स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में विधायक मीणा ने 26 लाख की लागत से नवनिर्मित दो कक्षा कक्षों का शिलान्यास किया। विद्यालय स्टाफ और ग्रामवासियों ने उनका स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

वहीं बैंई ग्राम पंचायत के मालका खेड़ा में विधायक मीणा ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के 7 कक्षा कक्षों लागत 80 लाख रुपये तथा सीसी सड़क लागत 25 लाख रुपये का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक मीणा और प्रधान प्रतिनिधि शर्मा का 21 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ



QUICK BITES

## महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र ने जरूरतमंद बालिका को भेंट की विवाह सामग्री

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र द्वारा एक जरूरतमंद परिवार की बेटी के विवाह हेतु आवश्यक विवाह सामग्री भेंट की गई।

केंद्र की सचिव सुमन अग्रवाल ने बताया कि सामग्री का वितरण गवर्नर काउंसिल सदस्य मंजू खटवड़ के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर मीरा केंद्र की सदस्या सुशीला चौधरी ने विशेष सहयोग दिया।

वितरित की गई सामग्री में साड़ियां, गहने, सूटकेस, घड़ी, बर्तन, बेडशीट, दोहड़ सहित अन्य घरेलू उपयोग की वस्तुएं शामिल थीं।

केंद्र की अध्यक्ष विमला रांका ने इस दौरान कहा कि मनुष्य जीवन में हर किसी को कम से कम एक बार कन्यादान अवश्य करना चाहिए, यह सबसे बड़ा दान है।

इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सुधा बुलिया, अर्चना सोनी, निशा सोनी,अनिता आर्य, संतोष जागेटिया सहित कई सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## 108 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी, बीच रास्ते में सुरक्षित प्रसव

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।



**(सांवर वैष्णव)** आदर्श राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर संचालित 108 एंबुलेंस में बुधवार को फिर एक बार किलकारी गूंज उठी।

108 एंबुलेंस चालक हरीशंकर शर्मा ने बताया कि बोरखेड़ा गांव से एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा के चलते बुधवार को अस्पताल लाया जा रहा था। रास्ते में ही महिला मनभर पत्नी अनिल भील को तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। इस पर एंबुलेंस को बीच रास्ते में रोककर ईएमटी आयुष कुमार गौतम ने तुरंत सुरक्षित प्रसव करवाया।

महिला ने स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया। इसके बाद जच्चा और बच्चा दोनों को सुरक्षित सवाईपुर पीएचसी में भर्ती करवाया गया, जहां दोनों स्वस्थ हैं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# महाप्रभु स्वामी रामचरण कन्या विद्यापीठ में कार्यशाला, छात्राओं ने सीखा नवाचारपूर्ण शिक्षण का तरीका

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचंद पेसवानी**



महाप्रभु स्वामी रामचरण कन्या विद्यापीठ, शाहपुरा में 'इंटर्नशिप एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में बीएड एवं डीएलएड की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य वक्ता डॉ. धीरज कुमार शर्मा, प्राचार्य जेपी उपाध्याय टीटी कॉलेज, टोंक ने छात्राओं को शिक्षण की नवीनतम पद्धतियों से परिचित कराया और कहा कि आज के समय में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को व्यवहारिक समझ भी जरूरी है।

उन्होंने बताया कि एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग ऐसी शिक्षण विधा है जिसमें छात्राएं स्वयं भाग लेकर सीखती हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास, रचनात्मकता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित होती है। कार्यशाला में रोल प्ले, माइंड मैपिंग, ग्रुप डिस्कशन, स्टोरी टेलिंग और टीचिंग गेम्स जैसी गतिविधियों के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. शर्मा ने कहा कि शिक्षक का कार्य केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि बच्चों में सीखने की जिज्ञासा जगाना है। जब अध्यापन में आनंद और रचनात्मकता जोड़ी जाती है, तो शिक्षण अधिक प्रभावशाली बन जाता है।

महाविद्यालय प्राचार्य एवं इंटर्नशिप इंचार्ज डॉ. ओमप्रकाश कुमावत ने बताया कि 10 से 15 नवंबर तक संस्थान में इंटर्नशिप कार्यशाला सप्ताह आयोजित किया गया है। इसके बाद छात्राएं नवंबर-दिसंबर से 4 से 16 सप्ताह की अवधि के लिए विभिन्न विद्यालयों में इंटर्नशिप प्रशिक्षण के लिए प्रस्थान करेंगी और अप्रैल 2026 तक अपना प्रशिक्षण पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी।

कार्यशाला में छात्राओं को पाठ योजना निर्माण, शिक्षण सामग्री के उपयोग, कक्षा प्रबंधन और विद्यार्थियों की मनोवृत्ति समझने की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। छात्राओं ने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कार्यशाला ने उनके शिक्षण दृष्टिकोण को नई दिशा दी है।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. कुमावत ने मुख्य वक्ता डॉ. शर्मा का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षण प्रशिक्षणार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायक हैं। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे सीखी गई विधियों को अपनी इंटर्नशिप और आगामी शिक्षण जीवन में लागू करें।

कार्यशाला के समापन पर छात्राओं में उत्साह और जोश देखने लायक था। उन्होंने इसे ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी बताया तथा संकल्प लिया कि वे शिक्षण को केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनाएंगी।

## अफीम की फसल पर बेमौसम बारिश की मार, कई किसानों ने की दोबारा बुवाई

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**सांवर वैष्णव**



भीलवाड़ा जिले सहित आसपास के इलाकों में बेमौसम बारिश ने अफीम किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खेत तैयार करने और बुवाई पूरी करने के बाद अचानक हुई बरसात से बड़ी संख्या में फसलें नष्ट हो गईं। हालात यह हैं कि कई किसानों को दोबारा बुवाई करनी पड़ी है, जबकि कुछ किसान अब भी मौसम अनुकूल होने का इंतजार कर रहे हैं।

**अफीम नीति समय पर, लेकिन मौसम बना बाधा**

भारत सरकार ने इस बार अफीम नीति समय से पूर्व जारी कर दी थी, ताकि किसान समय पर बुवाई कर सकें। लेकिन मौसम ने इस बार साथ नहीं दिया। अफीम किसान संघर्ष समिति राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बद्रीलाल तेली ने बताया कि किसानों ने खेत तैयार कर लिए थे, पर बेमौसम बारिश ने पूरी तैयारी पर पानी फेर दिया।

भीलवाड़ा डिवीजन में लगभग 6000 लुवाई वाले और 900 सीपीएस वाले किसान अफीम की खेती करते हैं। इनमें से अधिकांश को बारिश से भारी नुकसान हुआ है। कई किसानों की क्यारियां पानी से भर जाने के कारण फसल उग नहीं पाई, वहीं जिन खेतों में पौधे निकले भी, वे पीलिया रोग और जड़ गलन की चपेट में आ गए हैं।

**मांडलगढ़, बिजोलिया और जहाजपुर में सबसे ज्यादा असर**

मांडलगढ़, बिजोलिया और जहाजपुर क्षेत्र में अभी भी खेतों में पानी की नमी बनी हुई है, जिससे किसान बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, कोटड़ी क्षेत्र के कई किसानों ने समय पर बुवाई कर दी थी, लेकिन लगातार हुई बारिश से फसल खराब हो गई और अब उन्हें दूसरी बार बुवाई करनी पड़ रही है। कुछ किसान तो दो बार बुवाई करने के बावजूद सफलता नहीं पा सके हैं।

**किसानों को बढ़ता आर्थिक नुकसान**

अफीम की बुवाई से पहले ही किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। बद्रीलाल तेली का कहना है कि जो किसान समय पर बुवाई कर चुके थे, उनकी फसल या तो पूरी तरह नष्ट हो गई है या रोगग्रस्त है। आने वाले दिनों में मौसम अनुकूल नहीं रहा तो अफीम किसानों को इस वर्ष अत्यधिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि लगातार नमी और रोगों के प्रकोप से इस बार अफीम उत्पादन पर गहरा असर पड़ सकता है। किसान अब मौसम की स्थिरता और सरकारी राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## अगरपुरा में फिल्म स्टार धर्मेंद्र के उत्तम स्वास्थ्य के लिए महामृत्युंजय जप

भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास।



अगरपुरा में फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर रोड वाले बालाजी महाराज मंदिर में महामृत्युंजय जप और आहुतियां दी गईं। समाजसेवी नारायण भदाला ने बताया कि हाल ही में धर्मेंद्र को सांस लेने में तकलीफ के चलते मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और वे घर पर स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। उनके स्वस्थ होने की कामना को लेकर ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना की। पंडित संजय दाधीच ने महामृत्युंजय जप संपन्न कराया।

इस मौके पर प्रकाश तेली, गोपाल लामरोड, कैलाश भदाला, श्रीकिशन चौधरी, भीमराज गाडरी, सोनू भदाला, सूखा गाडरी, उदय गाडरी, गोकुल गाडरी और गोविंद लुहार मौजूद रहे।

## चांदगढ़ में बजरी खनन के नाम पर पेड़ों की अवैध कटाई, पर्यावरणविद ने उठाई आवाज

### लीजधारक पर कड़ी कार्रवाई और जांच की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचंद पेसवानी**





अकोला क्षेत्र के चांदगढ़ गांव में बनास नदी किनारे चल रहे बजरी खनन कार्य में पर्यावरणीय नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। खनन लीजधारक ने 18 हजार पौधे लगाने की शर्तों की अनदेखी करते हुए 70 से अधिक पेड़ों की अवैध कटाई कर दी है। पर्यावरणविद बाबूलाल जाजू ने इस गंभीर प्रकरण पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि बिना प्रशासनिक मिलीभगत के इतनी बड़ी कटाई संभव नहीं है।

जाजू ने मांग की कि संबंधित लीजधारक का अनुबंध निरस्त कर उस पर 51 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जाए। साथ ही पेड़ लगाने व उनकी सुरक्षा के लिए विशेष पर्यावरणीय परियोजना बनाई जाए।

उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण ही नहीं, बल्कि रखरखाव और निगरानी की दीर्घकालीन योजना भी जरूरी है। साथ ही सभी लीजों की समीक्षा कर यह जांच होनी चाहिए कि किसने अनुबंध अनुसार पौधारोपण किया है। जाजू ने चेताया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बनास नदी क्षेत्र में पर्यावरणीय असंतुलन, जलस्तर में गिरावट और जैव विविधता का नुकसान हो सकता है।

# काछोला क्षेत्र में रातों-रात बजरी माफियाओं का बड़ा खेल

## निर्माणाधीन सड़क मार्ग के लिए सैकड़ों टन अवैध बजरी का स्टॉक किया गया

भीलवाड़ा फोकस @काछोला।

**विक्रम सिंह ।** क्षेत्र में बजरी माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने थलकला और रूपपूरा के पास रातों-रात सैकड़ों टन बजरी का अवैध भंडारण कर दिया।

सूत्रों के अनुसार, बनास नदी से भारी मशीनों की मदद से रातभर अवैध खनन कर यह बजरी निकाली गई और निर्माण स्थल पर जमा की जा रही है।



जानकारी के मुताबिक, यह बजरी निर्माणाधीन थल-भोरण सड़क मार्ग में उपयोग के लिए स्टॉक की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कंपनी द्वारा बिना किसी वैध अनुमति के बड़े स्तर पर बजरी का भंडारण किया जा रहा है, जबकि वर्तमान में काछोला क्षेत्र में न तो कोई लीज जारी है और न ही बजरी परिवहन की अनुमति दी गई है।

ग्रामीणों ने इसे निर्माण कंपनी और बजरी माफियाओं के गठजोड़ का नतीजा बताया है। उन्होंने खनन विभाग और काछोला पुलिस से तत्काल मौके पर पहुंचकर अवैध बजरी को जब्त करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो इस तरह का अवैध खनन पर्यावरण और राजस्व दोनों के लिए नुकसानदायक सिद्ध होगा। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि अवैध भंडारण जब्त कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# मेवाड़ चैम्बर में जीएसटी बचत उत्सव एवं सेन्ट्रल जीएसटी पर आपसी परिसंवाद कार्यशाला

## विभिन्न कर संबंधी मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा, उद्यमियों ने रखे सुझाव

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से बुधवार को मेवाड़ चैम्बर भवन में जीएसटी बचत उत्सव एवं सेन्ट्रल जीएसटी पर आपसी परिसंवाद कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में रिवर्स चार्ज पर इनपुट टैक्स क्रेडिट, जीएसटी रिफंड प्रक्रिया, निर्यातकों के शिपिंग बिल से जुड़े रिफंड क्लेम रिजेक्शन तथा जीएसटीआर-2बी में डेटा मैचिंग जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर चर्चा हुई।




उद्यमियों की ओर से मानद महासचिव आर.के. जैन, सीए एस.पी. झंवर, निर्यातक जी.सी. जैन और योगेश लढ्ढा ने विभिन्न मुद्दे उठाए। इन विषयों पर उदयपुर संभाग के अतिरिक्त आयुक्त अरविंद कुमार सिंह ने विस्तार से जानकारी दी और उद्यमियों के सवालों का समाधान किया।

कार्यक्रम में एसजीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त हितेंद्र त्रिवेदी, सहायक आयुक्त भीलवाड़ा सिटी। बलराम मीणा, सहायक आयुक्त भीलवाड़ा ग्रामीण अजय कुमार मोदी और एसजीएसटी उपायुक्त काना राम भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर चैम्बर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. आर.सी. लोढ़ा, पूर्व अध्यक्ष जी.सी. जैन, संयुक्त सचिव एन.के. जैन, आईसीएआई, आईसीएसआई एवं टैक्सबार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया।कार्यशाला में बड़ी संख्या में उद्यमियों, कर सलाहकारों और निर्यातकों ने भाग लिया।

# दो दिवसीय मेवाड़ केसरी कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन आज

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जवाहर फाउंडेशन, जिला यूनेस्को एसोसिएशन तथा पूर्वांचल जन चेतना समिति के संयुक्त तत्वावधान में महान मेवाड़ केसरी कुश्ती प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन 13 व 14 नवम्बर को किया जाएगा। यह आयोजन पुर रोड स्थित श्रम कल्याण खेल मैदान में दंगल कमेटी द्वारा कराया जाएगा।

प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को होगा, जिसमें राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाललाल माली ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में मेवाड़ संभाग की



सभी कुश्ती अकादमियों के सैकड़ों पहलवान हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में कुल 13 श्रेणियों में मुकाबले होंगे । जिसमे मेवाड़ केसरी, मेवाड़ कुमार, मेवाड़ किशोर, महिला मेवाड़ केसरी, महिला मेवाड़ कुमारी, महिला वीरबाला, तथा ग्रीको-वेट चैंपियन, भीलवाड़ा बाल केसरी, भीलवाड़ा अभिमन्यु, भीलवाड़ा बसंत और भीलवाड़ा महिला किशोरी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार दिए जाएंगे।

जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा ने बताया कि संस्था अब तक स्वाभिमान जल, स्वाभिमान भोज और स्वाभिमान शिक्षा जैसे सामाजिक अभियानों में सक्रिय रही है। अब खेलों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, ताकि युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिले। बाहर से आने वाले पहलवानों के आवास व भोजन की व्यवस्था भी जवाहर फाउंडेशन द्वारा की जाएगी। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष एवं एलएनजे ग्रुप के चेयरमैन रिजु झुनझुनवाला, जो विभिन्न खेलों क्रिकेट, हॉकी, शतरंज और फुटबॉल में सक्रिय रूप से योगदान देते रहे हैं, इस प्रतियोगिता में भी विशेष सहभागिता निभाएंगे।

कुश्ती प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए 14 सदस्यीय दंगल कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें दिनेश साहनी, बल्लू सिंह, दिनेश यादव, हंसराज सिंह, डॉ. विनोद यादव, गौरव शाह, रोजी सिंह, डॉ. सुनीता यादव, मधुमाला यादव, लक्ष्मी चौधरी, श्रवण कुमार, राजन सिंह और निरंजन सिन्हा शामिल हैं।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आसींद सीएचसी में विशाल स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजाति गौरव वर्ष के अवसर पर बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसींद परिसर में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीतम गुप्ता के निर्देशन में चिकित्सकों और कर्मचारियों की टीम ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं।




शिविर में नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र भोजवानी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलम खटवानी, डॉ. राजेंद्र मीणा, डॉ. राकेश दरिया, डॉ. ललित पायक, डॉ. आदब अगवाणी एवं डॉ. पूजा गढ़वाल सहित अन्य चिकित्सकों ने रोगियों की जांच की और उपचार किया। वरिष्ठ तकनीकी सहायक सुखदेव कुमावत ने बताया कि शिविर में मरीजों की मधुमेह, बीपी, टीबी, पीलिया, एनीमिया, एक्स-रे, गर्भावस्था संबंधी जांचें की गईं। साथ ही टीकाकरण एवं लैब टेस्ट की निःशुल्क सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। मरीजों एवं परिजनों को लाडो प्रोत्साहन योजना, टीबी मुक्त भारत अभियान, परिवार कल्याण कार्यक्रम, 23 नवंबर को होने वाले पल्स पोलियो अभियान और आयुष्मान भारत योजना के बारे में जानकारी दी गई।

ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक जाकिर खान ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र पर क्षेत्र के आयुष्मान लाभार्थियों को कार्ड वितरण की प्रक्रिया भी शिविर के दौरान पूरी की गई।

इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों और कर्मचारियों ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष और समर्पण से भरा हुआ था। विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को उद्देश्यमय और समाजहितकारी बनाना चाहिए।

## QUICK BITES

### त्रिवेणी में 16 नवंबर को निःशुल्क नेत्र एवं मोतियाबिंद शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।

**महावीर वैष्णव।** क्षेत्र के त्रिवेणी संगम स्थित सकल चोखला तेली समाज धर्मशाला में आगामी 16 नवंबर को गोमा बाई नेत्रालय, भीलवाड़ा के सहयोग से निःशुल्क नेत्र एवं मोतियाबिंद शिविर आयोजित किया जाएगा।

यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा, जिसमें अनुभवी नेत्र चिकित्सक रोगियों की जांच करेंगे और चयनित मरीजों का ऑपरेशन गोमा बाई नेत्रालय, भीलवाड़ा में निःशुल्क किया जाएगा।

### राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलक सागर को चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा।



उदयपुर में विराजमान आचार्य 108 पुलकसागर महाराज ससंघ को चातुर्मास हेतु भीलवाड़ा जैन समाज द्वारा श्री फल भेंट किया। इस अवसर पर समाज के प्रवीण चौधरी, जयकुमार पाटनी, अनिल पाटनी, प्रेमचन्द सेठी, महेन्द्र सोगानी, दीपक अजमेरा, मनीष शाह, सुनील शाह, अनिल जैन, जिनेन्द्र पाटनी, नवीन चौधरी, मनोज भैंसा सहित समाज जन मौजूद थे। आचार्य पुलकसागर महाराज ने भीलवाड़ा में चातुर्मास की संभावना से इनकार नहीं किया और सकारात्मक आश्वासन दिया।

### बिरसा मुंडा की जयंती पर चिकित्सा शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ सावर




**(दिलखुश)** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सावर में ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि शिविर में 281 बाह्य रोगियों की जांच की गई, जिनमें से 9 मरीजों को भर्ती कर उपचार प्रदान किया गया।

इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धूंधरी पर भी विशेष ओपीडी का आयोजन किया गया, जहां 55 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### बापूनगर आयुर्वेद औषधालय में 350 बच्चों को पिलाई गई सुवर्णप्राशन की डोज़

**100 लोगों की बीपी-शुगर जांच, 450 से अधिक को मिला परामर्श**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



शहर के राजकीय आयुर्वेद औषधालय, बापूनगर में बुधवार को निःशुल्क आयुर्वेदिक टीकाकरण मंत्रौषधि सुवर्णप्राशन संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 1 माह से 16 वर्ष तक के 350 बच्चों को सुवर्णप्राशन की निशुल्क ड्रॉप्स पिलाई गईं। शिविर के दौरान 100 लोगों की बीपी और शुगर की जांच की गई, जबकि 450 से अधिक लोगों को विभिन्न बीमारियों के संबंध में परामर्श दिया गया।

आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. उगंता मीणा ने बताया कि यह निशुल्क सुवर्णप्राशन कार्यक्रम हर माह पुष्य नक्षत्र में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुवर्णप्राशन से बच्चों की बौद्धिक क्षमता, ताकत, एकाग्रता, पाचन शक्ति, रोग प्रतिरोधक क्षमता और महामारियों से लड़ने की शक्ति बढ़ती है।

डॉ. मीणा ने बताया कि भारतीय संस्कृति के सोलह संस्कारों में स्वर्णप्राशन संस्कार पहला संस्कार माना गया है। इसमें स्वर्ण भस्म को देशी घी और शहद के साथ घोटकर ड्रॉप्स तैयार की जाती हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।